# अध्याय 2

# सर्वनाम

## सर्वनाम

वे शब्द, जो संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे—मोहन आज स्कूल नहीं गया। उसे दिल्ली जाना था। इस वाक्य में 'मोहन' के स्थान पर 'उसे' का प्रयोग किया गया है। अत: 'उसे' सर्वनाम है।

## सर्वनाम के प्रकार

*सर्वनाम छ: प्रकार के होते हैं*

1. **पुरुषवाचक सर्वनाम**

जो सर्वनाम बोलने वाले, सुनने वाले या जिसकी बात की जाए उसके विषय में ज्ञान कराते हैं, पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

*इसके तीन भेद होते हैं*

(i) **उत्तम पुरुष** बोलने वाला उत्तम पुरुष कहलाता है; जैसे—मैं, हम, मेरा आदि।

(ii) **मध्यम पुरुष** जिससे बात की जाती है, वह मध्यम पुरुष कहलाता है; जैसे—तू, तुम, तेरा आदि।

(iii) **अन्य पुरुष** जिसके बारे में बात की जाती है, वह अन्य पुरुष होता है। अन्य पुरुष सामने उपस्थित नहीं होता; जैसे—वह, वे, उनका, उसके, उसकी आदि।

2. **निश्चयवाचक सर्वनाम**

वे सर्वनाम, जिनसे किसी निश्चित वस्तु का ज्ञान होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—यह, वह, इन्हें, उन्हें आदि। इसे संकेतवाचक सर्वनाम भी कहते हैं।

**उदाहरण**

(i) यह आदमी सही नहीं है।
(ii) सामने जो पीला मकान दिखाई दे रहा है, वह शर्मा जी का है।
(iii) यह कविता सोनू हंस की है।
(iv) मैं उन्हें जानता तक नहीं।

3. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम**

वे सर्वनाम, जिनसे किसी वस्तु का निश्चित ज्ञान न हो, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—कोई, किसी, कुछ आदि।

**उदाहरण**

(i) यहाँ कोई रहता था।
(ii) यहाँ किसी को भी आने की इजाजत नहीं है।
(iii) वहाँ से कुछ ले लेना।

4. **सम्बन्धवाचक सर्वनाम**

वे सर्वनाम जो एक शब्द का दूसरे के साथ सम्बन्ध जोड़ते हैं, उसे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—जिसकी लाठी उसकी भैंस, जो करेगा सो भरेगा आदि।

5. **प्रश्नवाचक सर्वनाम**

वे सर्वनाम जो प्रश्न पूछने के लिए प्रयुक्त होते हैं, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—कौन, कैसे, क्या आदि।

**उदाहरण**

(i) यहाँ कौन रहता है?
(ii) मैं वहाँ कैसे जाऊँ?
(iii) क्या तुम वहाँ जाओगे?

6. **निजवाचक सर्वनाम**

वे सर्वनाम जहाँ वक्ता अपने लिए 'आप' या 'अपने आप' शब्द का प्रयोग करता है, वहाँ निजवाचक सर्वनाम होता है; जैसे—आप भला सो जग भला।

## ✓ अभ्यास के लिए प्रश्न

**1.** संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?
(a) सर्वनाम (b) विशेषण
(c) काल (d) क्रिया

**2.** पुरुषवाचक सर्वनाम का भेद है
(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) ये सभी

**3.** अनिश्चयवाचक सर्वनाम है
(a) कोई (b) कुछ
(c) किसी (d) ये सभी

**4.** जैसी करनी, वैसी भरनी। रेखांकित अंश में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?
(a) पुरुषवाचक (b) सम्बन्धवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) निजवाचक

**5.** यह काम उन्हें अपने आप करने दो। रेखांकित अंश में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?
(a) निश्चयवाचक (b) मध्यम पुरुषवाचक
(c) निजवाचक (d) प्रश्नवाचक

**6.** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम है
(a) तू (b) वह
(c) तेरा (d) तुम

**7.** निश्चयवाचक सर्वनाम को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) गणनावाचक सर्वनाम
(c) संकेतवाचक सर्वनाम
(d) सन्देहवाचक सर्वनाम

**8.** 'वहाँ कौन जाएगा' वाक्य में प्रश्नवाचक सर्वनाम है?
(a) वहाँ (b) कौन
(c) जाएगा (d) इनमें से कोई नहीं

**9.** '<u>जिसे</u> भी देखूँ <u>वही</u> अपने काम में व्यस्त है' वाक्य में रेखांकित अंश कौन-से सर्वनाम हैं
(a) निश्चयवाचक (b) सम्बन्धवाचक
(c) संकेतवाचक (d) अनिश्चयवाचक

**10.** जिन सर्वनामों से किसी वस्तु का निश्चित ज्ञान नहीं होता, वहाँ कौन-सा सर्वनाम होता है?
(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(b) निजवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

**11.** उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत आता है
(a) हम (b) उनका
(c) वे (d) उसकी

**12.** मुझे कल शहर जाना है। वाक्य में सर्वनाम शब्द है
(a) मुझे (b) कल
(c) दिल्ली (d) जाना

**13.** ·········· चाह, ·········· राह। वाक्य में उचित सर्वनाम शब्द क्या होंगे?
(a) जो, वो (b) जहाँ, वहाँ
(c) जैसा, वैसा (d) जब, तब

**14.** 'स्वयं' और 'आप' किस प्रकार के सर्वनाम हैं?
(a) निश्चयवाचक (b) निजवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) पुरुषवाचक सर्वनाम

**निर्देश** (प्र.सं. 15-22) *में दिए गए वाक्यों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए।*

**15.** ·········· इसी गाँव में रहते हैं।
(a) मैं (b) यह
(c) हम (d) उन्हें

**16.** आज शाम को आप ·········· कर रहे हैं?
(a) क्या (b) कौन
(c) कब (d) कैसे

**17.** यह वही आदमी है, ·········· मैं तलाश कर रहा था।
(a) उसे (b) जिसे
(c) किसे (d) वैसे

**18.** मैं अपना काम ·········· करता हूँ।
(a) अपने (b) स्व
(c) जो (d) स्वयं

**19.** यहाँ ·········· तो रहता ही होगा।
(a) कुछ (b) कभी
(c) नहीं (d) कोई

**20.** यहाँ ·········· आना चाहिए।
(a) मैंने (b) उन्हें
(c) तुम (d) वे

**21.** ·········· भी अजनबी से कोई खाने-पीने का सामान न ले।
(a) कोई (b) कुछ
(c) किसी (d) इसी

**22.** जैसा भी हो देश ·········· ही बदलो भेष।
(a) कैसा
(b) उनसा
(c) तुमसा
(d) वैसा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (d) | 3 | (d) | 4 | (b) | 5 | (c) | 6 | (b) | 7 | (c) | 8 | (b) | 9 | (b) | 10 | (c) |
| 11 | (a) | 12 | (a) | 13 | (b) | 14 | (b) | 15 | (c) | 16 | (a) | 17 | (b) | 18 | (d) | 19 | (d) | 20 | (b) |
| 21 | (c) | 22 | (d) | | | | | | | | | | | | | | | | |

# अध्याय 03

# वाक्य संशोधन

## (लिंग, वचन कारक, काल एवं वर्तनी शुद्ध)

### वाक्य प्रयोग सम्बन्धी कुछ अशुद्धियाँ

*इन कुछ वाक्यों के अशुद्ध व उनके शुद्ध रूप को पढ़िए—*

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| 1. तुम्हारा सभी काम बेकार होता है। | तुम्हारा सब काम बेकार होता है। |
| 2. तुम पर कोई का जोर नहीं है। | तुम पर किसी का जोर नहीं है। |
| 3. रमेश तथा सरिता सिनेमा गए हैं। | रमेश और सरिता सिनेमा गए हैं। |
| 4. सचिन टेनिस और फुटबॉल अच्छा खेलता है। | सचिन टेनिस तथा फुटबॉल अच्छा खेलता है। |
| 5. दस बजा है। | दस बजे हैं। |
| 6. दौड़ में वह मेरे बाद था। | दौड़ में वह मेरे पीछे था। |
| 7. हमें चलना चाहिये। | हमें चलना चाहिए। |
| 8. मेरे लिये क्या आदेश है? | मेरे लिए क्या आदेश है? |

वाक्यों के शुद्धिकरण को समझने के लिए संज्ञा, सर्वनाम आदि के अलावा हमें लिंग, वचन, कारक व काल को भी समझना होगा। आइए इनका संक्षिप्त